(1)

कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, लखनऊ।

संख्या:न-42/एफएस-18 दिनांकः 15/05/ ,2018

सेवा में,

मैनेजर,
महाराजा अग्रसेन पब्लिस स्कूल,
जानकीपुरम् विस्तार सेक्टर-8
लखनऊ।

विषयः- महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, जानकीपुरम् विस्तार सेक्टर-8 लखनऊ भवन को अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया अपने पत्र दिनांकः 07.05.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जो उपरोक्त विषयक है।

उपरोक्त विषय इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकः 09.07.2015 के द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र के सापेक्ष स्कूल भवन का अग्निसुरक्षा के दृष्टिकोण से अग्निशमन अधिकारी, बी0के0टी0 द्वारा निरीक्षण/ परीक्षण कराया गया जिनकी आख्या का सुसंगत मानकों के अनुसार परिशीलन किया गया तो निम्न तथ्य प्रकाश में आये:-

भवन की संरचना :-

1- कुल प्लाट एरिया- 5604.65 वर्गमीटर
2- भवन के भूतल का कवर्ड एरिया - 1523.00 वर्गमीटर
3- हाल भवन के भूतल का कवर्ड एरिया- 464.50 वर्ग मीटर
4- प्रथम तल का कवर्ड एरिया- 1523.00 वर्गमीटर
5- भवन की ऊचाई लगभग- 07 मीटर है।

भवन का अधिभोग एवं हेजार्ड श्रेणी:- प्रश्नगत भवन का अधिभोग एन0बी0सी0 की शैक्षिक श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है।

ढॉचागत व्यवस्था:-

1- **पहुँच मार्ग :-** भवन के सामने लगभग 12 मीटर चौडा रोड उपलब्ध है। तथा भवन में प्रवेश व निकास हेतु 4.50 मीटर चौडाई का गेट उपलब्ध है।

2- **सेटबैक:-** भवन का न्यूनतम सेटबैक निम्नवत है:-

- अग्रभाग- 06.00 मीटर
- पृष्ठभाग- 06.00 मीटर
- पार्श्व भाग-1 06.00 मीटर
- पार्श्व भाग द्वितीय 06.00 मीटर

भवन के सेटबैक एन0बी0सी0-2005 एवं भवन निर्माण उपविधि-2008 के सुसंगत प्राविधानों के अनुसार उपलब्ध है।

3- **निकास मार्ग:-** भवन में 03 अदद स्टेयर केश 01.50 मीटर लगभग चौड़ाई की निर्मित है। समस्त स्थानों से ट्रेवलिंग डिस्टेन्स अधिकतम अनुमन्य सीमा के अर्न्तगत है।

अग्नि सुरक्षा व्यवस्था:-

1- **प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर):-** प्रत्येक भवन में आई0एस0-2190-2010 के अनुसार अग्निशमन यन्त्र अधिष्ठापित है। जो कार्यशील दशा में है।

2- **होरील/ डाउरकमर सिस्टम:-** विद्यालय भवन में होजरील/ डाउनकमर सिस्टम मानक के अनुसार आवश्यक है।

3- **टेरेस टैंक व पम्प :-** विद्यालय भवन के टेरेस पर 20000 लीटर क्षमता का टेरेस टैंक एवॅ 450 लीटर प्रति मिनट क्षमता का टेरेस पम्प आवश्यक है।

4- विद्यालय भवन में फायर बकेट मय स्टेण्ड स्थापित है।

अतः उपरोक्तानुसार अग्निशमन अधिकारी, बी0के0टी0 लखनऊ की संस्तुति आख्या के आधार पर महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, जानकीपुरम् विस्तार सेक्टर-8 लखनऊ भवन को अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का प्रमाण पत्र इस शर्त के साथ निर्गत किया जाता है कि आवेदक द्वारा भवन/ इकाई में अग्नि से सुरक्षा सम्बन्धी सभी प्रस्तावित अग्नि सुरक्षा व्यवस्था भवन विनियमावली तथा नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया- 2006 में उल्लेखित मानको के अनुसार कराये जायेगे, भवन में अग्नि से सुरक्षा व्यवस्थायें मानको के अनुसार भौतिक रूप से स्थापित कर उनका निरीक्षण/परीक्षण अग्निशमन विभाग से कराकर अन्तिम अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा।

Maharaja Agrasen Public School
Jankipuram, Lucknow
Kamal Kishor Agarwal
Secretary

Mrs. PURNIMA SINGH
Principal
Maharaja Agrasen Public School
Sector-8, Jankipuram Ext.
Lucknow

15/05/2018
(ए0बी0पाण्डेय)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी,
लखनऊ।

प्रतिलिपि:- अग्निशमन अधिकारी बी0के0टी0 लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।